# 21 सामान्य अशुद्धियाँ

## Common Errors

### पाठ–परिचय (Introduction)

बच्चो, वाक्यों को लिखने में कई प्रकार की गलतियाँ हो सकती हैं। संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, मुहावरा आदि से संबंधित अशुद्धियाँ को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए।




### आइए करके देखें (Let us Do)

**नीचे लिखे अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

**क.** वह पागल आदमी हो गया।

______________________________

**ख.** रेखा ने लीची खाया।

______________________________

### पूर्वाभ्यास (Revision)

- वाक्यों को बोलने और लिखने में कई प्रकार की भूल हो जाती हैं।
- अशुद्धियों का प्रमुख कारण है– व्याकरण के नियमों की जानकारी न होना।

विभिन्न प्रकार की अशुद्धियों के उदाहरण नीचे दिए जा रहे हैं। उन्हें ध्यान से पढ़िए।

## 1. संज्ञा संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| सारा कपड़ा साफ़ है। | सारे कपड़े साफ़ हैं। |
| हमें तुम पर अहंकार है। | हमें तुम पर गर्व है। |
| भारतवर्ष त्योहार का देश है। | भारतवर्ष त्योहारों का देश है। |
| दशहरा पर रावण का पुतला जलाते हैं। | दशहरे पर रावण का पुतलता जलाते हैं। |
| पानी भापों के रूप में उड़ गया। | पानी भाप के रूप में उड़ गया। |

## 2. लिंग संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| दादा और दादी आई हैं। | दादा और दादी आए हैं। |
| सोनाली ने जलेबी खाया। | सोनाली ने जलेबी खाई। |
| चुहिया सारे कपड़े कुतर गया। | चुहिया सारे कपड़े कुतर गई। |
| तुम्हारा कमीज़ फट गया। | तुम्हारी कमीज़ फट गई। |
| बाहर बकरियाँ चर रहा है। | बाहर बकरियाँ चर रही हैं। |

## 3. वचन संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| वहाँ अनेकों लोग खड़े थे। | वहाँ अनेक लोग खड़े थे। |
| उसका आँसू निकल गया। | उसके आँसू निकल गए। |
| तीनों देशों का नाम बताओ। | तीन देशों के नाम बताओ। |
| उसे दस रूपया चाहिए। | उसे दस रूपये चाहिए। |
| प्रयाग में तीन नदी मिलती है। | प्रयाग में तीन नदियाँ मिलती हैं। |

## 4. कारक संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| कौआ डाली में बैठा है। | कौआ डाली पर बैठा है। |
| माँ को पूछो। | माँ से पूछो। |

| | |
|---|---|
| शालू ने फ़ोन को उठाया। | शालू ने फ़ोन उठाया। |
| तीन बजने को दस मिनट हैं। | तीन बजने में दस मिनट हैं। |
| वह बस में आया। | वह बस से आया। |

## 5. सर्वनाम संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| मैंने आज नहीं जाना। | मुझे आज नहीं जाना। |
| हम नाश्ता किए। | हमने नाश्ता किया। |
| यह अच्छे केले नहीं हैं। | ये अच्छे केले नहीं हैं। |
| वे भोजन कर लिए हैं। | उन्होंने भोजन कर लिया है। |
| हमने गोवा जाना है। | हमें गोवा जाना है। |

## 6. विशेषण संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| उसने धीमी स्वर में कहा। | उसने धीमें स्वर में कहा। |
| अनुराधा बड़ी चालाक है। | अनुराधा बहुत चालाक है। |
| काला कार पर बैठ जाओ। | काली कार पर बैठ जाओ। |
| नदी बहुत गहरा है। | नदी बहुत गहरी है। |
| वह लोग चले गए हैं। | वे लोग चले गए हैं। |

## 7. क्रिया संबंधी अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| मुझे चाय पीना है। | मुझे चाय पीनी है। |
| कृपया खाना खा लो। | कृपया खाना खा लिजिए। |
| मैं देखना माँगता हूँ। | मैं देखना चाहता हूँ। |
| क्या यह संभव हो सकता है? | क्या यह संभव है? |
| आप यहीं रुको। | आप यही रूकिए। |





## 8. अन्य अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| वहाँ कोई दस लोग थे। | वहाँ लगभग दस लोग थे। |
| खरगोश को काटकर गाजर दो। | खरगोश को गाजर काटकर दो। |
| देख लिया है मैंने मैसेज। | मैंने मैसेज देख लिया है। |
| वे एक हिमालय की चोटी पर गए। | वे हिमालय की एक चोटी पर गए। |
| पानी बरस रहा है लगातार। | पानी लगातार बरस रहा है। |

**शिक्षण संकेत (Teacher's Tip)**

कुछ अशुद्ध वाक्य मौखिक रूप से बोलकर उन्हें शुद्ध करने के लिए कहें। अशुद्धि शोधन निरंतर अभ्यास से ही संभव है, अत: अधिकाधिक अभ्यास कराएँ।

## अभ्यास



### मौखिक प्रश्न (Oral)

1. वाक्यों में किस प्रकार की अशुद्धियाँ हो सकती हैं?
2. 'पुत्र की गलती पर पिता लाल-हरा हो गए।' वाक्यों को शुद्ध करके बताइए।



### लिखित प्रश्न (Written)

1. **प्रश्नों के सही उत्तर के सामने ✓ का चिह्न लगाइए–**

**क.** सही वाक्य चुनिए।

(*i*) घोड़े ने दौड़ा। ☐ (*ii*) घोड़े को दौड़ा। ☐
(*iii*) घोड़ा दौड़ता है। ☐ (*iv*) घोड़े दौड़ता है। ☐

**ख.** 'नाना और नानी आई हैं।' वाक्य का शुद्ध रूप है।

(*i*) नाना तथा नानी आई हैं। ☐ (*ii*) नाना और नानी आए हैं। ☐
(*iii*) नाना और नानी आई थी। ☐ (*iv*) नाना और नानी आए है। ☐

**ग.** ____________ छाता खो गया।

(*i*) मेरी ☐ (*ii*) उसकी ☐ (*iii*) मेरा ☐ (*iv*) मैंने ☐

**घ.** 'वह मेट्रो में आया।' वाक्य का शुद्ध रूप है–

(*i*) वह मेट्रो को आया। ☐ (*ii*) वह मेट्रो को गया। ☐

(*iii*) वह मेट्रो पर आया। ☐ (*iv*) वह मेट्रो से आया। ☐

**ङ.** उसे सौ ____________ चाहिए।

(*i*) रूपया ☐ (*ii*) रूपये ☐ (*iii*) रूपयों ☐ (*iv*) रूपयो ☐

**2. नीचे लिखे अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

**क.** उसने छाती पर पहाड़ रख लिया। ____________

**ख.** पिता जी को पूछो। ____________

**ग.** वे चाय पी लिए हैं। ____________

**घ.** हम भोजन किए। ____________

**ङ** कार पर नहीं बैठो। ____________

**च.** आप देख लो। ____________

**छ.** एक पहाड़ वहाँ है। ____________

**3. सही वाक्यों के सामने ✓ का चिह्न लगाइए।**

क. (*i*) मैंने तेरे से बात नहीं करनी। ☐

(*ii*) मुझे तुमसे बात नहीं करनी। ☐

ख. (*i*) उसने कहा कि मैं पढ़ूँगा। ☐

(*ii*) उसने कहा कि वह पढ़ेगा। ☐

ग. (*i*) माली फूल तोड़ता है। ☐

(*ii*) माली फूल तोड़ती है। ☐

घ. (*i*) मेरा दादा जी बाज़ार गया है। ☐

(*ii*) मेरे दादा जी बाज़ार गए हैं। ☐

ङ (*i*) वह तबले को बजाता है। ☐

(*ii*) वह तबला बजाता है। ☐